

Hindi | हिन्दी

# फॉस्टर या किनशिप देखभालकर्ता बनना।

## सभी बच्चों और युवाओं को सुरक्षित, सम्मानित और शिक्षित होने, तथा देखरेख करने वाले परिवार के साथ घर में रहने का अधिकार है।

फॉस्टर और किनशिप देखभालकर्ता अपना दिल और घर उन बच्चों और युवाओं के लिए खोलते हैं जो दुर्व्यवहार या अवहेलना के कारण अपने खुद के परिवारों के साथ घर में रहने में असक्षम होते हैं।

फॉस्टर देखभालकर्ता विभिन्न आयु वर्गों, संस्कृतियों तथा धार्मिक पृष्ठभूमियों वाले बच्चों तथा युवाओं की देखरेख करते हैं। वे एक या दो रातों के लिए, कुछ महीनों के लिए, या यहाँ तक कि बच्चे या युवा व्यक्ति की स्थिति और देखभालकर्ता की क्षमता पर निर्भर करते हुए कई वर्षों तक देखभाल प्रदान कर सकते हैं।

## देखभालकर्ता कौन हो सकता है?

18 साल से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति फॉस्टर या किनशिप देखभालकर्ता बनने के लिए आवेदन कर सकता है। हमें ऐसे देखभालकर्ताओं की आवश्यकता है जो पुरूष या महिला हों, एकल या दंपत्ति हों, विवाहित या डिफेक्टो संबंध में हों। कई विभिन्न लोगों की देखभालकर्ताओं के तौर पर आवश्यकता होती है, ताकि हम देखरेख की आवश्यकता वाले बच्चों और युवाओं की ज़रूरतों के अनुसार सबसे अच्छे तरीके से मिलान कर सकें।

## देखभाल के अलग-अलग प्रकार कौन से हैं?

आप किसी बच्चे या युवा को अलग-अलग प्रकार की देखभाल प्रदान कर सकते/सकती हैं, और अपनी पारिवारिक स्थिति के आधार पर अपनी वचनबद्धता के स्तर का चयन कर सकते/सकती हैं।

फॉस्टर देखभालकर्ता — फॉस्टर देखभालकर्ता को Child Safety द्वारा अल्पावधि या दीर्घावधि के लिए अपने खुद के घर में बच्चे या युवा व्यक्ति की देखरेख करने के लिए अनुमोदन प्राप्त होता है।

किनशिप देखभालकर्ता — किनशिप देखभालकर्ता बच्चे या युवा व्यक्ति के जीवन में एक रिश्तेदार, परिजन या कोई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है, जिसे Child Safety द्वारा अपने घर में उनकी देखरेख करने के लिए अनुमोदन प्राप्त होता है।

देखभाल के अन्य प्रकारों में शामिल हैं: राहत देखभाल, आपातकालीन देखभाल और गहन फॉस्टर देखभाल। देखभाल के अलग-अलग प्रकारों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.qld.gov.au/becomefosterkinshipcarer देखें।

## क्या आप एक देखभालकर्ता बनना चाहते/चाहती हैं?

अन्य लोगों के बच्चों को अपने परिवार में लाना बहुत लाभप्रद हो सकता है, परन्तु ऐसा करना संभावित रूप से हमेशा आसान भी नहीं होता है। फॉस्टर या किनशिप देखभालकर्ता बनना किसी भी परिवार के लिए एक बड़ा फैसला होता है और अपने परिवार के साथ बात करना तथा किसी बच्चे या युवा व्यक्ति की देखरेख करने में शामिल परिवर्तनों तथा चुनौतियों पर विचार करना महत्वपूर्ण है।

## क्वींसलैंड सरकार की क्या भूमिका है?

बाल, युवा न्याय एवं बहुसांस्कृतिक मामले विभाग (बाल सुरक्षा) [Department of Children, Youth Justice and Multicultural Affairs (Child Safety)] क्वींसलैंड में एक अग्रणी बाल संरक्षण संस्था है और कानून के तहत इसके लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बच्चे अपने घरों में दुर्व्यवहार, अवहेलना और नुकसान से सुरक्षित रहें।

Queensland Government

*बाल संरक्षण अधिनियम* *1999 (Child Protection Act 1999)* दुर्व्यवहार या अवहेलना के खतरे वाले बच्चों और युवाओं की आवश्यकताओं के आधार पर उनके रहने के लिए सुरक्षित और देखरेख के स्थानों का पता लगाकर उनका संरक्षण करने की अनुमति देता है।

## आप देखभालकर्ता कैसे बन सकते/सकती हैं?

फॉस्टर या किनशिप देखभालकर्ता बनने के कई चरण हैं। आपको एक आवेदन फॉर्म भरने और Child Safety द्वारा एक देखभालकर्ता के तौर पर स्वीकृति दिए जाने से पहले आकलन कराने व कुछ प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता होगी।

आकलन के दौरान कई बातों पर विचार किया जाता है, जिनमें आपकी पारिवारिक स्थिति और आपके घर में रहने वाले लोग, निजी इतिहास जांचें और आपके देखभालकर्ता बनने की इच्छा के पीछे कारण शामिल हैं। घर-परिवार का सुरक्षा अध्ययन और आपराधिक इतिहास जांच की जाती है, और आपके तथा आपके घर-परिवार के वयस्क सदस्यों के पास ब्लू कार्ड होना ज़रूरी है।

## देखभालकर्ताओं को समर्थन कैसे दिया जाता है?

एक फॉस्टर या किनशिप देखभालकर्ता बनने पर आपको कई तरीकों से समर्थन दिया जाएगा। समुदाय-आधारित फॉस्टर और किनशिप देखभाल सेवाओं तथा Child Safety आपकी देखरेख में आने वाले बच्चों की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करेंगे।

आप Queensland Foster and Kinship Care से सहायता की मांग कर सकते/सकती हैं। यह संस्था फॉस्टर और किनशिप देखभालकर्ताओं का प्रतिनिधित्व और समर्थन करती है। देखभालकर्ताओं को स्थानीय देखभालकर्ताओं, अन्य परिवारों और उनके समुदाय से भी समर्थन मिलता है।

## भत्ते और लाभ

फॉस्टर और किनशिप देखभालकर्ताओं को अपने घर में बच्चों की देखरेख के खर्च में सहायता के लिए प्रत्येक पखवाड़े एक देखरेख भत्ता भी मिलता है। राहत देखभालकर्ताओं को किसी बच्चे की देखभाल के लिए उनके द्वारा दिए गए समय के अनुरूप भत्ता मिलता है।

इसमें देखभाल में आने वाले बच्चों के बुनियादी घरेलू खर्चे, भोजन, कपड़े, उपहार, पॉकेट मनी और मनोरंजन के खर्च शामिल हैं। उच्च, जटिल या अत्यधिक समर्थन आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए अतिरिक्त भत्ता प्रदान किया जा सकता है। देखभालकर्ताओं के लिए बच्चों से संबंधित खर्चे के लिए अन्य प्रतिपूर्तियाँ भी उपलब्ध हैं।

देखभालकर्ता कॉमनवेल्थ सरकार के बेनेफिट्स (लाभों) के लिए भी पात्र हो सकते हैं, जैसे फैमिली टैक्स बेनेफिट पार्ट ए, फैमिली टैक्स बेनेफिट पार्ट बी, चाइल्ड केयर सब्सिडी, पेरेंटल लीव पे या पेरेंटिन्ग पेमेंट। और अधिक जानकारी के लिए Centrelink को 13 61 50 पर फोन करें या वेबसाइट www.servicesaustralia.gov.au देखें।

## और अधिक जानकारी के लिए आपको किससे संपर्क करना चाहिए?

Foster Carer Recruitment Line को 1300 550 877 पर फोन करें।

देखभाल के अलग-अलग प्रकारों के बारे में तथा यह पता लगाने के लिए कि आप फॉस्टर या किनशिप देखभालकर्ता कैसे बन सकते/सकती हैं, वेबसाइट www.qld.gov.au/becomefosterkinshipcarer देखें।

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (टीआईएस राष्ट्रीय) [Translating and Interpreting Service (TIS National)] उन लोगों के लिए एक दुभाषिया सेवा है, जो अंग्रेज़ी नहीं बोल सकते हैं। 131 452 पर फोन करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au देखें।